प्रकाशनार्थ

पटना, 7 जुलाई। बिहार सरकार के माननीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डा. संतोष कुमार सुमन ने नीतिगत निर्णय लेने में डेटा और उभरती प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। वह एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट (आद्री) द्वारा आयोजित **डाटा.ड्रिवेन फ्यूचर इन द एज आॅफ आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस** नामक दो.दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र एवं चौथे शैबाल गुप्ता स्मृति व्याख्यान के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंनें कहा कि आईटी विभाग साइबर खतरों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है, और लोगों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सटीक डेटा का उपयोग करके हाशिए पर रहने वाले समुदाय का उत्थान करना है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष, डा. राजीव एल. करंदीकर ने कहा कि कंप्यूटिंग तकनीक और संचार पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुए हैं. जिससे डेटा एकत्र और विश्लेषण करना आसान हो गया है। उन्होंने डेटा संग्रह और उसके विश्लेषण की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाने के लिए इतिहास से विभिन्न उदाहरण दिए। द्वितीय विश्व युद्ध का एक उदाहरण देते हुए डा. करंदीकर ने कहा कि मानव मस्तिष्क के द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण करने और सुझाव देने के बाद ही लड़ाकू विमानों में सुधार संभव हो पाए थे। उन्होंने कहा कि 'जब तक आप डेटा का विश्लेषण करते समय अपने मस्तिष्क से निष्कर्ष नहीं निकालते हैं, तब तक वास्तविक दुनिया में वह कभी काम नहीं करेगा।'

इससे पहले आद्री की सदस्य सचिव डा. अस्मिता गुप्ता ने कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चैथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के उपयोग से हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि डेटा सोने जितना ही मूल्यवान है और आधुनिक अर्थव्यवस्था को चलाने वाली नई मुद्रा है। आद्री के निदेशक प्रोफेसर अजीत सिन्हा ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता दोनों का स्वागत किया। प्रोफेसर सिन्हा ने आशा व्यक्त की कि आद्री बिहार में बौद्धिक संस्कृति के पुनरुद्धार का आधार बनेगा।

उद्घाटन सत्र के बाद तीन तकनीकी सत्र हुए। कार्यशाला में भारत और विदेशों से आए अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, कंप्यूटर विज्ञान, स्वास्थ्य और कानून एवं शासन विषयों के शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

Anjani Kumar Verma

(अंजनी कुमार वर्मा)

ASIAN DEVELOPMENT RESEARCH INSTITUTE
BSIDC Colony, Off Boring-Patliputra Road, Patna - 800 013, Tel. : 0612-2575649, Fax : 0612-2577102
E-mail : adripatna@adriindia.org / adri_patna@hotmail.com, Website : www.adriindia.org